दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विज़िट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, मंगलवार 26 फरवरी 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-148

# पीएम मोदी ने जारी की किसान सम्मान निधि की पहली किस्त

**एक करोड़ किसानों के खाते में 2-2 हजार रुपये ट्रांसफर**




**गोरखपुर (आरएनएस)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को गोरखपुर के फर्टिलाइजर मैदान से किसान सम्मान निधि योजना का शुभारंभ किया। इसके साथ ही उन्होंने किसानों को क्रेडिट कार्ड का भी वितरण किया। इस मौके पर कृषि मंत्री राधामोहन सिंह और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, पहले की सरकारों ने किसानों के लिए कागजों पर योजनाएं तो बनाईं। लेकिन उनकी योजना किसानों को सशक्त करने की नहीं बल्कि उन्हें छोटी-छोटी चीजों के लिए तरसाने के लिए थी। उनकी योजना कभी किसानों का भला करने की नहीं थी।

उन्होंने कहा, कांग्रेस व इनके चेले समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाजवादी पार्टी (बसपा) को किसान केवल चुनाव के समय ही याद आते हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार ने किसान की छोटी-छोटी दिक्कतों पर ध्यान देने के साथ ही उनकी चुनौतियों के संपूर्ण निवारण के लिए भी काम किया। किसान सशक्त बनें, इसी लक्ष्य के साथ हम निकले हैं।

उन्होंने कहा, मैं राज्यों को चेतावनी देता हूं कि अगर आपने किसानों की सूची सरकार को नहीं पहुंचाई तो किसानों की बद्दुआएं आपकी राजनीति को तहस नहस कर देंगी। आप विरोधी हो सकते हैं, लेकिन किसान की मांगों के साथ खिलवाड़ क्यों करते हो।

इस दौरान मोदी ने कहा, मैं किसानों से कहना चाहता हूं कि योजना को लेकर किसी के बहकावे में न आएं। जब विरोधियों ने हमारी इस योजना के बारे में संसद में सुना तो सबके चेहरे लटक गए थे। उन्हें लग गया था कि किसान मोदी के साथ हो गए हैं। इसलिए झूठ बोलना और अफवाहें फैलाना उनका जन्मजात काम है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा विपक्ष ने एक अफवाह और शुरू की है जहां वह कह रहे हैं कि मोदी ने अभी 2000 दिया है। बाद में भी देगा लेकिन एक साल बाद वापस ले लेगा। किसान भाइयों यह आपका पैसा है इसे कोई वापस नहीं ले सकता। इसलिए ऐसी अफवाह फैलाने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना है। उन्होंने कहा कि मैं किसानों को सीधे मदद पहुंचाने के लिए किसान सम्मान निधि योजना को किसानों के चरणों में अर्पित करता हूं। इससे पूर्वांचल का विकास तेजी से होगा। मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में देश के 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के किसानों को 2000 रुपए की पहली किस्त सीधे खातों में ट्रांसफर हो चुकी है। इसकी अगली किस्त कुछ दिनों में जारी हो जाएगी। 1 करोड़ 1 लाख किसानों के खाते में यह राशि भेजी गई है। इससे किसानों को बीज, खाद, दवा खरीदने के लिए परेशान नहीं होना होगा। केंद्र सरकार हर साल 6000 रुपए सीधे आपके खाते में ट्रांसफर करेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गोरखपुर की धरती पर हो रहे इस कार्यक्रम से देश के दो लाख कॉमन सर्विस सेंटर के जरिए लाखों किसान भी जुड़ रहे हैं। यहां पर आज स्वास्थ्य, सड़क, रेल व रोजगार सहित हर क्षेत्र की योजनाओं का शुभारंभ हो रहा है।

वहीं कृषि मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के किसान तथा मजदूरों के सपनों को पूरा कर रहे हैं। राधामोहन सिंह ने कहा कि जब-जब चुनाव का मौसम आता है तो वे लोग किसान की बात करते हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### महात्मा गांधी के साथ सत्याग्रहों में हिस्सा लेने वाली वलियम्मा के जीवन पर बनेगी फिल्म

**जोहानिसबर्ग(आरएनएस)।** महात्मा गांधी के साथ देश में कई सत्याग्रह अभियानों में हिस्सा लेने वाली किशोरी सामाजिक कार्यकर्ता वलियम्मा मुनुस्वामी मुदलियार के जीवन पर भारत और दक्षिण अफ्रीका साथ मिलकर फिल्म बनाने जा रहे हैं। सालाना आयोजित होने वाले वलियम्मा पुरस्कार समारोह के दौरान यह घोषणा की गई। इसका आयोजन तमिल फेडरेशन ऑफ गौटेंग ने लेनासिया के इंडियन टाउनशिप में शनिवार को किया गया था। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता शांति नायडू और दिवंगत विरम्मा थांड्रे को सम्मानित किया गया। वलियम्मा को दक्षिण अफ्रीका की रंगभेद नीति वाली सरकार के खिलाफ उनकी अहिंसक लड़ाई के लिए जाना जाता है। नेल्सन मंडेला के राष्ट्रपति बनने के बाद वलियम्मा की कब्र खोजी गयी थी।

### बेटे ने मां की हत्या कर शरीर के किए 1000 से भी अधिक टुकड़ें

**पकाकर कुत्तों को खिलाया**

**मैड्रिड (आरएनएस)।** स्पेन में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक बेटे ने अपनी ही मां को मौत के घाट उतार दिया और शरीर के छोटे-छोटे टुकड़े करने के बाद कुत्तों को पकाकर खिला दिया। 26 साल का आरोपी अलबर्टो संचेज गोमेज ने अपनी 66 वर्षीय मां की हत्या कर 1000 से भी अधिक टुकड़ें किए। उसकी मां मारिया सोलेडैड गोमेज के गायब होने के बाद पुलिस जांच के लिए घर आई थी। घर की तलाशी के दौरान पुलिस तब हैरान रह गई जब कम से कम छह प्लास्टिक के थैले में महिला के बॉडी पार्ट्स मिले। स्पेनिश अखबार एल मुन्डो के हवाले से लिखा है कि आरोपी ने मां की बॉडी को करीब एक हजार टुकड़ों में काट दिया और शरीर के कुछ हिस्सों को पकाकर कुत्तों को खिला दिया। इतना ही नहीं, जांच के दौरान पुलिस को मां की बॉडी के कई महत्वपूर्ण पार्ट्स गायब मिले। संचेज फिलहाल बेरोजगार था, लेकिन पहले वेटर का काम करता था। आरोपी के पूर्व दोस्तों ने बताया है कि वह अपने परिवार के लिए समस्या बन गया था। इससे पहले भी मां के साथ घरेलू हिंसा के मामले में पुलिस ने गिरफ्तारी की थी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### कार पार्किंग में लगी आग, 200 कारें जलकर राख

**चेन्नई (आरएनएस)।** रविवार को चेन्नई के पोरूर इलाके में एक अस्पताल के सामने स्थित एक प्राइवेट पार्किंग स्थल में आग लगने से 200 से अधिक वाहनों में आग लग गई. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोपहर लगभग दो बजे आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद दमकल विभाग की 8 गाड़ियां पहुंची लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आग में 214 कारें पूरी तरह जल गई हैं. प्रारंभिक जांच के मुताबिक सूखी घास में आग लगने के बाद यह हादसा हुआ है. हालांकि आग लगने के कारणों का वास्तविक पता नहीं चल सका है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### गीजर से हुई गैस रिसाव, मां और 2 बच्चों की मृत्यु

**आगरा (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में आगरा के शाहगंज क्षेत्र में बाथरूम में लगे गीजर से गैस रिसाव होने के बाद दम घुटने से तीन लोगों की मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि शाहगंज के पांडव नगर में बाथरूम में गीजर से गैस रिसाव से दम घुटने से कारोबारी की पत्नी और दो मासूम बेटियों की मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि 131 पांडव नगर निवासी रोहित धूपड़ का जयपुर हाउस में साड़ी शोरूम है। उनके पिता डॉ. नवीन का पास में ही दवाखाना है। रविवार को रोहित, उनके पिता और मां विमल शोरूम और दवाखाने पर गए थे। घर में रोहित की पत्नी रितु (38 वर्ष) और उनकी छह वर्षीय बेटी सचिका तथा तीन वर्षीय बेटी कायरा थीं। सूत्रों ने बताया कि शाम को रोहित ने घर फोन किया था ।

# भारत के सख्त फैसलों से घबराया पाक

### पुलवामा हमला




**इस्लामाबाद (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ जवानों पर हुए आत्मघाती आतंकी हमले के बाद भारत के सख्त रुख से पाकिस्तान सहम गया है और नई दिल्ली से शांति लाने का मौका देने का दरख्वास्त कर रहा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने रविवार को पीएम नरेंद्र मोदी से 'शांति लाने को एक मौका देने' की बात कही और उन्हें यकीन दिलाया कि वह अपनी जुबान पर 'कायम' रहेंगे और अगर भारत पुलवामा हमले पर पाकिस्तान को 'कार्रवाई योग्य खुफिया जानकारी' उपलब्ध कराता है तो इस पर 'तत्काल' कार्रवाई की जाएगी।

इमरान खान की यह टिप्पणी राजस्थान में मोदी की उस रैली के बाद आयी है जिसमें उन्होंने कहा था, 'आतंकवाद के खिलाफ पूरी दुनिया में आम सहमति है। आतंकवाद के दोषियों को दंडित करने के लिए हम मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। इस बार हिसाब होगा और बराबर होगा। यह बदला हुआ भारत है, इस दर्द को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम जानते हैं आतंकवाद को कैसे कुचलना है।' पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने के बाद खान को बधाई देने के लिए फोन पर उनके साथ हुई अपनी बातचीत को याद करते हुए मोदी ने कहा कि मैंने उनसे कहा, 'आइए गरीबी और अशिक्षा के खिलाफ लड़ाई लड़ें।

## प्रदेशभर में बर्फबारी से बढ़ा ठंड का प्रकोप

**शिमला (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश के अधिक उंचाई वाले इलाकों में रविवार को भी हिमपात हुआ। लाहौल-स्पीति और किन्नौर में कुछ स्थानों पर रूक-रूक कर हिमपात होता रहा। किन्नौर के कल्पा में 3 और लाहौल-स्पीति के कोठी में 1 सेंटीमीटर ताजा बर्फबारी हुई। वहीं राजधानी शिमला व आसपास के इलाकों में बादलों के छाए रहने से मौसम ठंडा रहा। मौसम विभाग द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक लाहौल-स्पीति जिले का केलंग राज्य में सबसे ठंडा स्थल रहा, जहां रविवार को न्यूनतम तापमान -7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा किन्नौर के कल्पा में -2.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

# बांग्लादेश में प्लेन हाइजैक की कोशिश नाकाम, गनमैन अरेस्ट




**ढाका (आरएनएस)।** बांग्लादेश में रविवार को ढाका से दुबई जा रही बिमान बांग्लादेश की एक फ्लाइट को हाइजैक करने की कोशिश हुई। ढाका से विमान के उड़ान भरने के करीब आधे घंटे बाद एक बंदूकधारी कॉकपिट में घुस गया। इसके बाद चिटगांव के शाह अमानत इंटरनैशनल एयरपोर्ट पर विमान की इमर्जेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान को बांग्लादेशी सुरक्षाकर्मियों ने चारों तरफ से घेर लिया और थोड़ी देर में सभी 142 यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। इकलौते बंदूकधारी को भी हिरासत में ले लिया गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह विमान स्थानीय समय के अनुसार शाम 5:15 बजे चिटगांव एयरपोर्ट उतरा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक ढाका से उड़ान भरने के करीब आधे घंटे के बाद एक यात्री ने बंदूक लहराना शुरू कर दिया, जिसके बाद विमान में हड़कंप मच गया। बंदूकधारी ने दावा किया कि उसके कमर में सूइसाइड वेस्ट है। उसने बंदूक की नोक पर एक क्रू मेंबर को बंधक बना लिया। बंदूकधारी ने बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना से बात करने की भी मांग की।

कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक गनमैन ने कॉकपिट में घुसते वक्त फायरिंग भी की। बाद में विमान की चिंटगांव एयरपोर्ट पर इमर्जेंसी लैंडिंग कराई गई। जैसे ही विमान चिटगांव एयरपोर्ट पर उतरा, बांग्लादेशी सुरक्षा बलों ने उसे चारों ओर से घेर लिया। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बताया जा रहा है कि बंदूकधारी विदेशी नागरिक है।

## देश में एक अप्रैल से मिलेगी 24 घंटे बिजली

**काटी तो लगेगा जुर्माना**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश में एक अप्रैल से चौबीस घंटे बिजली दी जाएगी. उपभोक्ताओं को चौबीस घंटे बिजली देने की तैयारी विद्युत मंत्रालय की ओर से कर ली गई है. गुरुग्राम में मंगलवार से होने वाली प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेशों के विद्युत मंत्रियों की बैठक में इस पर चर्चा होगी. उपभोक्ताओं को चौबीस घंटे बिजली उपलब्ध कराने के लिए विद्युत मंत्रालय सभी राज्यों के साथ मिलकर इसकी निगरानी कर रहा है.

रिपोर्ट के मुताबिक केंद्रीय ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आरके सिंह ने बताया कि देश के हर घर में एक अप्रैल से चौबीस घंटे बिजली उपलब्ध रहेगी. उन्होंने साफ किया है कि अगर बिना किसी कारण के बिजली वितरण कंपनी बिजली की कटौती करती हैं तो उन पर जुर्माना लगाया जाएगा. उन्होंने कहा कि कोई तकनीकी या प्राकृतिक आपदा आने पर ही बिजली कटौती में छूट दी जा सकती है.

बताया जाता है कि इस वक्त बिजली उत्पादन क्षमता हमारी जरूरत से अधिक है. मंत्रालय से मिली जानकारी के मुताबिक इंटरस्टेट ग्रिड में एक लाख से अधिक सर्किट किमी की लाइन जोड़ी गई है, जिससे एक राज्य से दूसरे राज्य में बिजली पहुंचाने में किसी तरह की दिक्कत न हो. विद्युत मंत्री आरके सिंह ने कहा कि हमने प्रधानमंत्री की योजना एक ग्रिड-एक देश को साकार करने का लक्ष्य हासिल कर लिया है. हम पूरे देश में कहीं से भी बिजली दे सकते हैं।

# कुंभ में पीएम मोदी ने सफाई कर्मियों के धोए पैर



**प्रयागराज(आरएनएस)।** गंगा,यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन संगम पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को स्वच्छताग्रहियों के पैर धोकर महत्वाकांक्षी स्वच्छ भारत मिशन के प्रति अपनी कटिबद्धता का इजहार किया। प्रयागराज के कुंभनगर दोपहर बाद पहुंचे मोदी ने त्रिवेणी में डुबकी लगायी और वैदिक रीतरिवाज से पूजा अर्चना की। उन्होने गंगा मां को दूध अर्पित किया और आरती उतारी। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। बाद में मोदी ने कुछ स्वच्छताग्रहियों के प्रति आभार एवं सम्मान का इजहार करते हुये उनके पांव गंगाजल से साफ किये। सफेद तौलियें से उनके पांवों को पोंछा और दुशाला भेंट किया। दुशाले में दिव्य कुंभ,भव्य कुंभ का लोगो लगा हुआ था। प्रधानमंत्री ने जिन स्वच्छताग्रहियों को सम्मानित किया उनमें दो महिलायें भी शामिल थी।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज मेरे लिए भी ऐसा ही पल है जो भुलाया नहीं जा सकता। आज जिन सफाईकर्मी भाइयों-बहनों के चरण धुलकर मैंने वंदना की है वह पल मेरे साथ जीवनभर रहेगा। उन्होंने कहा कि लोग कुंभ की भूरिभूरि प्रशंसा कर रहे हैं। इस प्रशंसा के हकदार आप हैं। ये सफाईकर्मी बिना किसी की प्रशंसा के चुपचाप अपना काम कर रहे थे, लेकिन इनकी मेहनत का पता मुझे दिल्ली में लगातार मिलता रहता था। लोकसभा चुनाव से पहले पीएम मोदी का यह प्रयागराज दौरा काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह और योगी आदित्यनाथ समेत पार्टी के कई बड़े नेता पहले ही यहां डुबकी लगा चुके हैं। योगी आदित्यनाथ ने तो कैबिनेट की मीटिंग भी प्रयागराज में की थी और उनके कई मंत्रियों ने एक साथ यहां स्नान किया था।

# महागठबंधन में नहीं शामिल होगी बसपा

### सभी 40 सीटों पर अकेले लड़ेगी चुनाव



**पटना (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) बिहार में महागठबंधन से अलग राह पकड़ते हुए अकेले चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। बसपा ने राज्य की सभी 40 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा कर दी है। इसको लेकर बसपा की अध्यक्ष मायावती ने राज्य के नेताओं की दिल्ली में बैठक बुलाई है। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष भरत बिंद ने बताया कि अध्यक्ष मायावती ने इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए बिहार को निर्देश जारी किया है, जिसके मुताबिक पार्टी सभी 40 सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ेगी।

उन्होंने बताया कि पूरे राज्य में बसपा के जनाधार और सक्रियता को बढ़ाने का प्रयास प्रारंभ कर दिया गया है। इस बीच, बिहार प्रदेश प्रभारी डॉ लाल जी मेधंकर ने एक बयान जारी कर कहा है कि राजनीतिक और जातिगत भागीदारी को ध्यान में रखते हुए सभी सीटों पर उम्मीदवारों का चयन करने का भी निर्देश अध्यक्ष द्वारा दिया गया है। उम्मीदवारों के चयन को ध्यान में रखते हुए पार्टी प्रमुख मायावती ने 28 फरवरी को दिल्ली में बिहार के नेताओं की बैठक बुलाई है।

# टीएमसी नेता और समर्थक की गोली मार कर हत्या



**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में कल रात तृणमूल कांग्रेस नेता कार्तिक नास्कर एवं सत्तारूढ़ पार्टी के एक अन्य कार्यकर्ता की बेहद नज़दीक से गोली मार कर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी है। नास्कर दरिआ पंचायत अध्यक्ष स्वप्ना नास्कर के पति है और वह टांगरखाली से काम के बाद बाइक से घर अपने लौट रहे थे कि तभी कुछ अज्ञात बदमाशों ने दरियझारी इलाके में उन पर धार दार हथियारों से हमला कर दिया और बेहद नज़दीक से गोली मार कर हत्या कर दी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

चश्मदीद के अनुसार बाइक पर सवार अन्य व्यक्ति घटना के बाद से ही गायब है, वही कैनिंग पुलिस स्टेशन अधिकारी मानस चौधरी सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे लेकिन तब तक बदमाश फरार हो गए थे। इसके अलावा कल शाम तृणमल कांग्रेस के समर्थक सूरत अली मंडल की भी घर लौटते समय कुछ अज्ञात बदमाशों ने कुलटुली इलाके में गोली मार कर हत्या कर दी थी।

# कुलगाम में आतंकियों से मुठभेड़, डीएसपी शहीद- तीन आतंकी ढेर



**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू एवं कश्मीर के कुलगाम जिले में रविवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस सूत्रों ने कहा कि सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद तुरीगाम गांव का घेराव किया और तलाशी अभियान शुरू किया। सुरक्षाबलों का घेरा कड़ा होने पर आतंकवादियों ने उन पर फायरिंग कर दी, जिसके बाद मुठेभड़ शुरू हो गई जो अभी भी चल रही है। सुरक्षा बलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया है। इनमें से एक का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि आतंकियों की गोली से एसओजी के डीएसपी अमन कुमार शहीद हो गए है।

अमन ठाकुर के अलावा उनके बॉडीगार्ड भी घायल हो गए हैं जबकि एक मेजर और एक जवान भी जख्मी हुए हैं। फिलहाल ऑपरेशन जारी है। उधर, जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने रविवार को लोगों से शांति बनाए रखने व अफवाहों पर नहीं ध्यान देने का आग्रह किया। राज्यपाल मलिक ने कहा कि राज्य में बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती आगामी लोकसभा चुनावों से जुड़ी है। मलिक ने स्टेट एडमिनिस्ट्रेटिव काउंसिल (एसएसी) की एक बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें सीआरपीएफ काफिले पर आत्मघाती हमले के बाद राज्य के हालात की समीक्षा की गई। इस बैठक के बाद एक आधिकारिक बयान में कहा गया, राज्यपाल ने लोगों से अपील की कि बलों का बलों की तैनाती को सिर्फ चुनाव कराने के संदर्भ में देखा जाना चाहिए और इसे किसी भी और बात से नहीं जोड़ा जाना चाहिए।